भारत सरकार
भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय
भारी उद्योग विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 1586
जिसका उत्तर मंगलवार, 26 जुलाई, 2016 को दिया जाना है।

ऑटोमोबाइलों का उत्पादन

1586. श्री पी. नागराजन:

क्या भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या विगत तीन वर्षों के दौरान देश में ऑटोमोबाइलों के उत्पादन में वृद्धि हुई है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या सरकार के पास ऑटोमोबाइल उद्योगों में कठोर हरित मानकों को लागू करने का प्रस्ताव है; और
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
भारी उद्योग और लोक उद्यम राज्य मंत्री
(श्री बाबुल सुप्रियो)

(क) और (ख): जी, हां। गत तीन वर्षों से देश में ऑटोमोबाइल के उत्पादन में वृद्धि हुई है। सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सिआम) द्वारा उपलब्ध कराई गई सूचना के अनुसार गत तीन वर्षों के दौरान ऑटोमोबाइल के उत्पादन का ब्यौरा इस प्रकार है:-

ऑटोमोबाइल उत्पादन

(संख्या में)

श्रेणी	2013-14	2014-15	2015-16
कुल यात्री वाहन	3,087,973	3,221,419	3,413,859
कुल वाणिज्यिक वाहन	699,035	698,298	782,814
कुल दुपहिया	16,883,049	18,489,311	18,829,786
तिपहिया	830,108	949,019	933,950
सकल योग	**21,500,165**	**23,358,047**	**23,960,409**

(ग) और (घ): जी, हां। अप्रैल, 2020 से कठोर बीएस VI उत्सर्जन मानकों को लागू करने तथा बीएस V उत्सर्जन मानकों को लांघने का निर्णय लिया गया है। इस संबंध में सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा दिनांक 19 फरवरी, 2016 के जीएसआर 187(ई) के माध्यम से मसौदा अधिसूचना पहले ही जारी कर दी गई है। इसके अलावा, बीएस IV उत्सर्जन मानक एक चरणबद्ध रूप में पूरे देश में शुरू किए जाएंगे और 01 अप्रैल, 2017 से पूरे देश में लागू हो जाएंगे।

****